www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 3 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS QUESTION PAPER

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. All questions are **compulsory**.

**Read the following passage and answer the questions given at the end by picking up the appropriate answer from the given alternatives.**

In principle, a cohesive group-one whose members generally agree with one another and support one another's judgements-can do a much better job at decision-making than it could if it were non-cohesive. When cohesiveness is low or lacking entirely, compliance out of fear of recrimination is likely to be strongest. To overcome this fear, participants in the group's deliberations need to be confident that they are members in good standing and that the others will continue to value their role in the group, whether or not they agree about a particular issue under discussion. As a member of a group feel more accepted by the others, they acquire greater freedom to say what they really think, becoming less likely to use deceitful arguments or to play it safe by dancing around issues with conventional comments. Typically, then, the more cohesive a group becomes, the less its members will deliberately censor what they say out of fear of being punished socially for antagonizing their fellow members.

But group cohesiveness can have pitfalls as well. While the members of a highly cohesive group can feel much free to deviate from the majority, their desire for genuine concurrence on every important issue often inclines them not to use this freedom. In a highly cohesive group of decision makers, the danger is not that individuals will conceal objections they harbour regarding a proposal favoured by the majority, but that they think the proposal is a good one without attempting to carry out a critical scrutiny that could reveal grounds for strong objections. Members may then decide that any misgivings they feel are not worth pursuing- that the benefit of any doubt should be given to the group consensus. In this way, they may fall victim to a syndrome known as 'groupthink'. Collective decision making has been defined as "a deterioration of mental efficiency, reality testing and moral judgement that results from in-group pressures".

Based on analyses of major fiascos of international diplomacy and military decision making, researchers have identified groupthink behaviour as a recurring pattern that involves several factors; overestimation of the groups power and morality, manifested, for example, in an illusion of invulnerability, which creates excessive optimism; close- mindedness to warnings of problems and to alternative view points; and unwarranted pressures toward uniformity, including self-censorship with respect to doubts about the group's reasoning and a concomitant shared illusion of unanimity concerning group decisions. Cohesiveness of the decision making group is an essential antecedent condition of this syndrome but not a sufficient one. So it is important to work toward identifying the additional factors that determine whether group cohesiveness will deteriorate into groupthink or allow for effective decision making.

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और दिए गए विकल्पों से समुचित उत्तर को चिह्नित करके गद्यांश के अंत में दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।**

सिद्धांत रूप में एक ऐसा संसक्तता समूह, जिसके सदस्य सामान्यत: एक दूसरे से सहमत होते हैं और एक दूसरे की राय का समर्थन करते हैं, ऐसे लोगों की तुलना में निर्णय लेने संबंधी कार्य बेहतर कर सकते हैं, जो असंसक्त होते हैं। संसक्तता बहुत ही कम या निम्न होती हैं, तो प्रत्यारोप के भय से अनुपालन और सशक्त होता है। इस भय पर काबू पाने के लिए उस समूह के प्रतिभागियों को ऐसे विश्वसनीय विचार-विमर्श करने की आवश्यकता होती है कि वे अच्छी प्रतिष्ठावाले सदस्य हैं और यह कि अन्य लोग समूह में उनकी भूमिका के महत्व को समझते रहेंगे, भले ही वे चर्चा के दौरान किसी मुद्दा विशेष के संबंध में उनसे सहमत हों या नहीं। एक समूह के सदस्य के रूप में सभी को यह महसूस हो कि उन्हें अन्य लोगों द्वारा अधिक स्वीकार किया जाता है, वे वास्तव में जो सोचते हैं, उसे बोलने की उन्हें अधिक स्वतंत्रता है, वे कपटपूर्ण तर्क कम करते है या पारंपरिक टिप्पणियों सहित मुद्दे की चर्चा करते है, तब कोई समूह विशिष्ट रूप से ऐसा संसक्त बन जाता है, जिसके सदस्य ऐसी बातों की निंदा जानबूझकर कम करेंगे, जो अपने साथी सदस्यों के विरोध के लिए सामाजिक रूप से दंडित किए जाने के भय से बोलते हैं।

लेकिन समूह संसक्तता इससे फंस भी जाती है। हालांकि उच्च संसक्त समूह बहुमत के कारण वाद-विवाद करने में अधिक आजादी महसूस कर सकता है, तथापि प्रत्येक महत्वपूर्ण मुद्दे पर वाज़िब सहमति के लिए उनकी इच्छा प्राय: अपनी आजादी का उपयोग नहीं कर पाती है। निर्णायकों के उच्च संसक्त समूह में खतरा यह नहीं है कि बहुमत द्वारा अनुमत किसी प्रस्ताव के बारे में अलग-अलग व्यक्ति अपनी-अपनी आपत्तियां व्यक्त नहीं करेंगे, अपितु खतरा यह है कि वे सोचते हैं कि प्रस्ताव अच्छा है। वे उसकी ऐसी आलोचनात्मक संवीक्षा करने की कोशिश नहीं करते हैं, जिससे भारी आपत्तियों के लिए वे किसी आधार का पता लगा सकें। सदस्य तब यह निर्णय ले सकते हैं कि वे जिसे गलत समझते हैं, उसका अनुसरण करना उचित नहीं है। इस प्रकार किसी संदेह का लाभ समूह की आम सहमति को दिया जाना चाहिए। इस प्रकार वे 'समूह सोच' नामक लक्षणों के शिकार हो जाते हैं। सामूहिक निर्णय लेने की मानसिक दक्षता, यथार्थ परीक्षण और नैतिक राय की ऐसी गिरावट के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो समूह के दबाव का परिणाम होती है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और सैन्य निर्णय लेने की घोर विफलताओं के विश्लेषण करने और अनुसंधानों के आधार पर, समूह-सोच को एक आवर्ती प्रतिमान के रूप में देखा गया है, जिसमें कई कारकों की प्रतिभागिता होती है यथा समूह की भक्ति और नैतिकता का अधिक अनुमान लगाना, सुस्पष्टता उदाहरणार्थ अभेद्यता का भ्रम जिससे समस्याओं की चेतावनी और वैकल्पिक दृष्टिकोण और एकरूपता के प्रति अनअपेक्षित दबाव के प्रति अधिक आशावाद, बंद सोच जैसी बातें पैदा हो जाती हैं, जिनमें समूह के तर्क के बारे में संदेहों के संबंध में आत्म नियंत्रण और समूह के निर्णय से संबंधित द्वेषरहित होने की सहभागिता का भ्रम भी शामिल है। निर्णय लेने वाले समूह की संसक्तता इस लक्षण की अनिवार्य पूर्व-शर्त है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है, इसलिए ऐसे अतिरिक्त कारकों का पता लगाने की दिशा में कार्य करना महत्वपूर्ण है, जो यह निर्धारित करें कि क्या समूह संसक्तता समूह सोच में समा जाएगी या प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगी।

1. Why the author does think that the cohesive group can do a much better job at decision making than it could if it were non-cohesive ?

(a) The members of a highly cohesive group can feel much free to deviate from the majority

(b) Individuals will not conceal objection they harbour regarding a proposal favoured by the majority.

(c) Participants in the group's deliberations are confident that they are members in good standing and that the others will continue to value their role in the group, whether or not they agree about a particular issue under discussion.

Code :

(1) only (a) (2) only (b) (3) both (a) and (c) (4) (a), (b) and (c)

2. Which one of the following most accurately expresses the main point of the passage ?

(1) Despite its value in encouraging frank discussions, high cohesion can lead to a debilitating type of group decision making called groupthink.

(2) Group members can guard against group thinking if they have a good understanding of the critical role played by cohesion.

(3) Only diplomacy and military affairs would suffer if there is tendency of groupthink

(4) Low cohesion is better than high cohesion resulting in groupthink.

3. A group of closely associated colleagues has made a disastrous diplomatic decision after a series of meetings marked by disagreement over conflicting alternatives. It can be inferred from the passage that the author would most likely to say that this Scenario.

(1) Provides evidence of chronic indecision, thus indicating a weak level of cohesion in general.

(2) Indicates that the group's cohesiveness was coupled with some other factor to produce a groupthink fiasco.

(3) Provides no evidence that groupthink played an effective role in group decision making.

(4) Provides evidence that groupthink can develop even in some groups that do not demonstrate an 'Illusion of Unanimity' .

4. The passage mentions which one of the following as a component of groupthink ?

(1) Unjustified suspicions among group members regarding an adversary's intentions

(2) Group members working under unusually high stress, leading to illusions of invulnerability.

(3) strong belief that the group's decision are right.

(4) The deliberate use of conventional comments.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. लेखक क्यों सोचता है कि संसक्त समूह, गैर-संसक्त समूह की तुलना में निर्णय लेने में काफी बेहतर कार्य कर सकता है?

(a) उच्च संसक्त समूह का सदस्य बहुमत से अलग होने में अधिक आजादी महसूस करता है।

(b) बहुमत द्वारा सहमत प्रस्ताव के बारे में व्यक्ति अपनी आपत्ति को नहीं दबायेगा।

(c) सामूहिक विचार-विमर्श में प्रतिभागी को विश्वास होता है कि वे अच्छी प्रतिष्ठा वाले सदस्य हैं और समूह में अन्य लोग उनकी भूमिका का महत्व समझते रहेंगे, भले चर्चा के मुद्दे विशेष से वे सहमत हों या नहीं।

कूट :

(1) केवल (a) (2) केवल (b) (3) (a) और (c) दोनों (4) (a), (b) और (c)

2. गद्यांश के मुख्य बिंदु को निम्नलिखित में से कौन अधिक यथार्थ रूप से व्यक्त करता है?

(1) खुली चर्चाओं को बढ़ावा देने में इसका महत्व होने के बावजूद, उच्च संसक्त सामूहिक निर्णय लेने के प्रकार में कमजोरी लाता है, जिसे समूह-सोच कहते हैं।

(2) समूह के सदस्य समूह-सोच की सुरक्षा कर सकते हैं, बशर्ते कि संसक्त द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की उन्हें अच्छी समझ हो।

(3) यदि समूह-सोच की प्रवृत्ति होती है तो उस स्थिति में केवल राजनीति और सैन्य संबंधी कार्यों को हानि पहुँचती है।

(4) कम संसक्तता, उच्च संसक्तता से बेहतर होती है, जिसका परिणाम समूह-सोच होती है।

3. निकटतम संबद्ध साथियों के समूह ने, टकराव के विकल्पों पर असहमति द्वारा व्यक्त बैठकों की एक शृंखला के बाद, एक अनर्थकारी राजनीतिक निर्णय लिया है। इस गद्यांश से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि लेखक यह कहना चाहता है कि यह दृश्य.....

(1) चिर अनिर्णय का प्रमाण प्रस्तुत करता है, जिसमें सामान्य संसक्त के कमजोर स्तर का उल्लेख किया गया है।

(2) इस बात का उल्लेख करता है कि समूह की संसक्तता साथ समूह-सोच की घोर असफलता के लिए कुछ अन्य कारक जुड़े होते हैं।

(3) ऐसा कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं करता है कि सामूहिक निर्णय लेने में समूह-सोच ने प्रभावी भूमिका निभाई है।

(4) ऐसा साक्ष्य उपलब्ध करता है कि समूह-सोच ऐसे समूहों में भी पैदा हो सकती है जिसमें द्वेषरहित होने का भ्रम नहीं दिखाई देता है।

4. गद्यांश में समूह-सोच के घटक के रूप में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख किया गया है?

(1) प्रतिकूल हस्तक्षेपों के बारे में समूह के सदस्यों में अनुचित संदेह।

(2) सामान्यत: उच्च दबाव में कार्य करने वाले समूह के सदस्य अभेद्यता के भ्रम में रहते हैं।

(3) यह पक्का विश्वास कि समूह के निर्णय सही हैं।

(4) पारंपरिक टिप्पणियों का जानबूझ कर प्रयोग।

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. What the author of the passage ultimately concludes ?

(1) Group cohesiveness is always good

(2) It is important to work towards identifying the additional factors that determine whether group cohesiveness will deteriorate into groupthink or allow for effective decision-making.

(3) Groupthink is solely responsible for ineffective decision-making.

(4) The causal factors that transform group cohesion into groupthink are unique to each case.

6. When driven by group cohesion, a decision is taken only to be lamented for later is called :

(1) Abilene effect (2) Placebo effect

(3) Hawthorne effect (4) Halo effect

7. In which year the Amalgamated Society of Engineers was established in Great Britain ?

(1) 1837 (2) 1850

(3) 1854 (4) 1859

8. **Assertion (A) :** Workforce diversity requires employers to be more sensitive to the differences that each group brings to the work setting.

**Reason (R) :** Employees need to be responsive to the values, needs, interests and expectations of fellow employees.

**Code :**

(1) (A) is right but (R) is wrong.

(2) (A) is wrong but (R) is right.

(3) Both (A) and (R) are right but (R) does not explain (A).

(4) Both (A) and (R) are right and (R) explains (A).

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. गद्यांश के लेखक का अंतिम निष्कर्ष क्या है ?

(1) समूह संसक्तता हमेशा अच्छी होती है।

(2) ऐसे अतिरिक्त कारकों का पता लगाने की दिशा में कार्य करना महत्वपूर्ण है, जो यह निर्धारित करते हैं कि समूह संसक्तता, समूह-सोच में समा जाएगी या प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगी।

(3) समूह-सोच निष्प्रभावी निर्णय लेने के लिए पूर्णत: जिम्मेदार होती है।

(4) समूह संसक्त को समूह-सोच में अंतरित करने वाला अनियमित कारक प्रत्येक मामले में विशिष्ट होते हैं।

6. समूह संसक्तता द्वारा संचालित निर्णय, जो बाद में स्पष्ट होता है, को कहते हैं :

(1) एबिलेना प्रभाव
(2) प्लेसबो प्रभाव
(3) हाउथ्रोन प्रभाव
(4) हेलो प्रभाव

7. ग्रेट ब्रिटेन में किस वर्ष 'अमलगमैटेड सोसाइटी ऑफ इंजीनियर्स' की स्थापना की गई थी ?

(1) 1837
(2) 1850
(3) 1854
(4) 1859

8. **अभिकथन (A) :** कार्यबल विविधता के कारण नियोजकों से कार्यव्यवस्था में प्रत्येक समूह जो भिन्नताएँ लेकर आते हैं उनके प्रति अधिक संवेदनशील होने की अपेक्षा होती है।

**तर्क (R) :** कर्मचारियों को साथी कर्मचारियों के मूल्यों, आवश्यकताओं, रुचियों तथा प्रत्याशाओं के प्रति संवेदनशील होना पड़ता है।

**कूट :**

(1) (A) सही है किंतु (R) गलत है।

(2) (A) गलत है किंतु (R) सही है।

(3) (A) और (R) दोनों सही है किंतु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।

(4) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की व्याख्या करता है।

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. A Commercial establishment has engaged one hundred and fifty workmen. If it wants to retrench any workman who has completed one year of continuous service in the establishment, then which of the conditions are to be followed under the Industrial Disputes Act, 1947 ?
   (a) It has to serve one month notice in writing in advance or pay in lieu of such notice, wages for the notice period.
   (b) It has to serve three months notice in writing in advance or pay in lieu of such notice, wages for the notice period.
   (c) Pay retrenchment compensation at the rate of fifteen days average pay for every completed year of continuous service or any part thereof in excess of six months.
   (d) Notice in the prescribed manner is served on the appropriate Government.
   (e) Prior permission of the appropriate Government has been obtained on an application made in this behalf.

   Code :
   (1) (a), (c) and (d)   (2) (b), (c) and (e)
   (3) (b), (d) and (e)   (4) (a), (c), (d) and (e)

10. The National Association of Letter Carriers was started in USA in the year :
   (1) 1887   (2) 1888   (3) 1889   (4) 1890

11. Which one of the following is **not** a benefit of Total Quality management ?
   (1) Maximising cost
   (2) Providing greater satisfaction to all concerned
   (3) creating quality consciousness
   (4) Creating good public image

12. A worker retires from a factory after putting in twenty years of continuous service. His last monthly wages drawn was ₹ 45,500. What is the amount of gratuity the worker is entitled to under the payment of Gratuity Act, 1972.
   (1) ₹ 5,75,000   (2) ₹ 5,25,000   (3) ₹ 7,50,000   (4) ₹ 4,55,000

13. Who had given the pluralist approach to industrial relations indicating 'job regulation' drawing from the theories of anomie, collective bargaining and industrial democracy ?
   (1) H.A. Clegg   (2) Alan Fox   (3) R. Commons   (4) Allan Flanders

14. Buzz-Sessions help in :
   (a) making workers versatile
   (b) making labour become more skilled and hard working
   (c) eliminating those employees who sit through the conference session but do not participate
   (d) stimulating discussion and participation from each member of group

   Code :
   (1) (a) and (b)   (2) (a), (b) and (c)   (3) (c), and (d)   (4) (b), (c) and (d)

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. एक वाणिज्यिक प्रतिष्ठान ने डेढ़ सौ कामगारों को नियोजित किया है। यदि यह किसी कामगार जिसने प्रतिष्ठान में एक वर्ष तक लगातार सेवा पूरी कर ली है की छंटनी करना चाहता है तो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत किन शर्तों का अनुपालन किया जाना है ?
(a) इसे अग्रिम में एक महीने की लिखित सूचना देनी होगी या ऐसी सूचना के बदले सूचना अवधि के लिए मजदूरी भुगतान करना होगा।
(b) इसे अग्रिम में तीन महीने की लिखित सूचना देनी होगी या ऐसी सूचना के बदले सूचना अवधि के लिए मजदूरी भुगतान करना होगा।
(c) लगातार सेवा के प्रत्येक पूरे किए गए वर्ष के लिए या छह महीने से अधिक के उसके किसी भी हिस्से के लिए पन्द्रह दिन के औसत वेतन की दर पर छंटनी क्षतिपूर्ति का भुगतान करेगा।
(d) समुचित सरकार को निर्धारित तरीके से सूचना दी जाती है।
(e) इस संबंध में किए गए आवेदन पर समुचित सरकार से पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है।

**कूट :**
(1) (a), (c) और (d)
(2) (b), (c) और (e)
(3) (b), (d) और (e)
(4) (a), (c), (d) और (e)

10. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में 'दि नेशनल एसोसिएशन ऑफ लेटर कैरियर्स' की शुरुआत वर्ष ______ में हुई।
(1) 1887 (2) 1888 (3) 1889 (4) 1890

11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंध का लाभ **नहीं** है ?
(1) लागत को अधिकतम करना
(2) सभी संबंधितों को अधिक संतुष्टि प्रदान करना
(3) गुणवत्ता चेतना का सृजन करना
(4) जनता में अच्छी छवि का निर्माण करना

12. एक कामगार लगातार बीस वर्षों तक सेवा करने के पश्चात् कारखाना से सेवानिवृत्त होता है। उसने अंतिम वेतन ₹ 45,500 आहरित किया था, उपदान संदाय अधिनियम, 1972 के अंतर्गत कामगार उपदान की कितनी राशि का हकदार है।
(1) ₹ 5,75,000 (2) ₹ 5,25,000 (3) ₹ 7,50,000 (4) ₹ 4,55,000

13. किसने औद्योगिक संबंधों के बहुलवादी उपागम का प्रतिपादन किया था जिसमें प्रतिमानहीनता, सामूहिक सौदेबाजी और औद्योगिक लोकतंत्र के सिद्धांतों से लेकर 'रोजगार विनियमन' को दर्शाया गया है ?
(1) एच.ए. क्लेग (2) एलन फॉक्स (3) आर. कॉमन्स (4) एलन फ्लान्डर्स

14. 'बज-सेशन' सहायक होते हैं :
(a) कामगारों को बहुमुखी बनाने में
(b) श्रमिक को अधिक कुशल और परिश्रमी बनाने में
(c) उन कर्मचारियों को हटाना जो पूरे सम्मेलन सत्र में बैठते तो हैं परंतु उसमें भाग नहीं लेते
(d) समूह के प्रत्येक सदस्य से चर्चा और भागीदारी को उत्प्रेरित करना

**कूट :**
(1) (a) और (b) (2) (a), (b) और (c) (3) (c) और (d) (4) (b), (c) और (d)

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. An employee engaged in an industrial establishment draws wages of ₹ 20,000 per month. What is the amount of bonus he shall be entitled to, if it is to be paid at the rate of 9% by the employer for an accounting year under the provisions of the payment of Bonus Act, 1965 ?
(1) Rupees Seven thousand five hundred sixty only
(2) Rupees Eighteen thousand only
(3) Rupees Eight thousand one hundred thirty only
(4) Rupees Ten thousand six hundred forty only

16. **Assertion (A) :** Collective bargaining provides for procedural and substantial rules.
**Reason (R) :** It incorporates mechanism for dealing with interpretations and implementation of agreements as well as resolving conflicts and substantial rules concerning the substance of the agreements in both markets and managerial relationships.
**Code :**
(1) Assertion (A) is wrong and, thus, Reason (R) fails to explain (A).
(2) Assertion (A) is only partially true and, therefore, the Reason (R) only partially explains (A).
(3) Assertion (A) is correct and Reason (R) explains (A).
(4) Assertion (A) is correct and Reason (R) is wrong.

17. In March 2017, the Government of India in the Ministry of labour and Employment has revised the administrative charges payable by the employers under the Employees Provident Fund Scheme, 1952. Which one of the following statements given is **correct** ?
(1) 0.65 percent (Zero point six five percent ) of the pay subject to a minimum of seventy five rupees per month for every non-functional establishments having no contributory member and five hundred rupees per month for other establishments
(2) 0.67 percent ( Zero point six seven percent ) of the pay subject to a minimum of one hundred rupees per month for every non-functional establishment having no contributory member and five hundred rupees per month for other establishments
(3) 0.75 percent (Zero point seven five percent ) of the pay subject to a minimum of one hundred rupees per month for every non-functional establishment having no contributory member and one thousand rupees per month for other establishments
(4) 0.50 percent (Zero point five zero percent ) of the pay subject to a minimum of seventy five rupees per month for every non-functional establishment having no contributory member and one thousand rupees per month for other establishments.

18. **Assertion (A) :** Both Weber's Bureaucracy and Taylor's scientific management emphasise on rationality, predictability, impersonality, technical competence and authoritarianism.
**Reason (R) :** Though Weber's writings were less operational than Taylor's, yet 'ideal bureaucracy ' describes many contemporary organisations.
**Code :**
(1) (A) is right and (R) is wrong.
(2) (A) is wrong and (R) is right.
(3) Both (A) and (R) are right.
(4) Both (A) and (R) are wrong.

15. एक औद्योगिक प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मचारी प्रतिमाह ₹ 20,000 मजदूरी प्राप्त करता है। बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अंतर्गत एक लेखांकन वर्ष के लिए नियोजक द्वारा यदि 9% की दर पर बोनस का भुगतान किया जाना है तो वह कितनी बोनस राशि का हकदार होगा ?

(1) सात हजार पाँच सौ साठ रुपये मात्र
(2) केवल अठारह हजार रुपये मात्र
(3) आठ हजार एक सौ तीस रुपये मात्र
(4) दस हजार छह सौ चालीस रुपये मात्र

16. **अभिकथन (A) :** सामूहिक सौदेबाजी से प्रक्रिया संबंधी और महत्वपूर्ण नियमों का प्रावधान होता है।

**तर्क (R) :** इसमें, करारों की व्याख्या करने और कार्यान्वित करने तथा विवादों का समाधान करने संबंधी तंत्र तथा बाजारों और प्रबंधकीय सम्बंधों दोनों में करारों की विषयवस्तु से संबंधित महत्वपूर्ण नियम समाहित होते हैं।

**कूट :**

(1) अभिकथन (A) गलत है और इस प्रकार तर्क (R) व्याख्या करने में अक्षम है।
(2) अभिकथन (A) केवल आंशिक रूप से सत्य है और इसलिए तर्क (R) केवल आंशिक रूप से (A) की व्याख्या करता है।
(3) अभिकथन (A) सही है और तर्क (R), (A) की व्याख्या करता है।
(4) अभिकथन (A) सही है और तर्क (R) गलत है।

17. मार्च 2017 में, भारत सरकार श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के अंतर्गत नियोजकों द्वारा देय प्रशासनिक प्रभारों का संशोधन किया है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा **सही** है ?

(1) प्रत्येक अक्रियात्मक प्रतिष्ठान जिसमें कोई भी अंशदाता सदस्य नहीं है के लिए वेतन का प्रतिमाह 0.65 प्रतिशत (शून्य दशमलव पैंसठ प्रतिशत) जो न्यूनतम पचहत्तर रुपये के अध्यधीन है और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए प्रतिमाह पाँच सौ रु. है।
(2) प्रत्येक अक्रियात्मक प्रतिष्ठान जिसमें कोई भी अंशदाता सदस्य नहीं है के लिए वेतन का प्रतिमाह 0.67 प्रतिशत (शून्य दशमलव सरसठ प्रतिशत) जो न्यूनतम सौ रुपये के अध्यधीन है और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए प्रतिमाह पाँच सौ रु. है।
(3) प्रत्येक अक्रियात्मक प्रतिष्ठान जिसमें कोई भी अंशदाता सदस्य नहीं है के लिए वेतन का प्रतिमाह 0.75 प्रतिशत (शून्य दशमलव पचहत्तर प्रतिशत) जो न्यूनतम सौ रुपये के अध्यधीन है और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए प्रतिमाह एक हजार रु. है।
(4) प्रत्येक अक्रियात्मक प्रतिष्ठान जिसमें कोई भी अंशदाता सदस्य नहीं है के लिए वेतन का प्रतिमाह 0.50 प्रतिशत (शून्य दशमलव पांच शून्य प्रतिशत) जो न्यूनतम पचहत्तर रुपये के अध्यधीन है और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए प्रतिमाह एक हजार रु. है।

18. **अभिकथन (A) :** वेबर की नौकरशाही तथा टेलर का वैज्ञानिक प्रबन्ध दोनों विवेकवाद, भविष्यवाणी, निर्वैयक्तिकता, तकनीकी दक्षता तथा सत्तावाद पर बल देते हैं।

**तर्क (R) :** यद्यपि कि वेबर के लेखन टेलर के लेखनों की अपेक्षा कम परिचालनगत थे, फिर भी 'आदर्श नौकरशाही' अनेक समकालीन संगठनों को वर्णन करता है।

**कूट :**

(1) (A) सही है और (R) गलत है।
(2) (A) गलत है और (R) सही है।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. Which of the following are the trends in International Industrial Relations System ?

(a) MNCs try to cultivate centralised ethnocentric approach to the extent of pressurising the national Governments to bring out unprecedented economic and labour reforms.

(b) MNCs aspire for hassle free business climate and for this, adopt the practice of replacing expensive labour with cheap labour through outsourcing.

(c) MNCs promote individual centric Human Resource policies to keep trade unions at bay.

(d) MNCs act like 'octopus'. Nations, trade unions and other actors of Industrial Relations only grapple with the unfathomable strength of MNCs.

Code :

(1) (a) and (c) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (c) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)

20. Match List - A with List - B and select correct answer by using the code given below :

| | List - A | | List - B |
|---|---|---|---|
| (a) | Application of psychology to industry and managament | (i) | Henry L. Gantt |
| (b) | Program Evaluation and Review Technique | (ii) | Walter Dill Scott |
| (c) | Widely acclaimed first lady of management | (iii) | Lillian Gilbreth |
| (d) | Application of psychology to advertising, marketing and personnel. | (iv) | Hugo Munsterberg |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

21. Recently the Government of India has enforced 'the Ease of compliance to Maintain Registers under various Labour Laws Rules, 2017' for maintenance of combined registers provided under various labour legislations. Which of the following legislations is not covered under the above Rules ?

(1) Equal Remuneration Act, 1976 (2) Mines Act, 1952

(3) Factories Act, 1948 (4) Minimum Wages Act, 1948

22. According to which one of the following approaches, management is the function of planning, organising, leading and controlling ?

(1) Process approach (2) Systems approach

(3) Quantitative approach (4) Human behaviour approach

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. अन्तर्राष्ट्रीय औद्योगिक संबंध व्यवस्था में निम्नलिखित में से कौन सी प्रवृत्तियाँ है ?

(a) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (एमएनसी) अभूतपूर्व आर्थिक और श्रम सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय सरकारों पर दबाव की सीमा तक केन्द्रीकृत नृकेंद्रिक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करती हैं।

(b) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (एमएनसी) निर्बाध व्यापारिक माहौल चाहती हैं और इसके लिए आउटसोर्सिंग के जरिए महँगे श्रम के स्थान पर सस्ते श्रम की प्रथा अपनाती हैं।

(c) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ, श्रमिक संघों को दूर रखने के लिए व्यक्ति केन्द्रित मानव संसाधन नीतियों को बढ़ावा देती हैं।

(d) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ 'ओक्टोपस' (अष्टभुज) के समान काम करती हैं। राष्ट्र, श्रमिक संघ तथा औद्योगिक संबंधों में भूमिका निभानेवाले अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों की असीम शक्ति के सामने विवश रहते हैं।

कूट :

(1) (a) और (c) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (c) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)

20. सूची - A को सूची - B से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

| सूची - A | | सूची - B | |
|---|---|---|---|
| (a) | उद्योग और प्रबन्ध में मनोविज्ञान का अनुप्रयोग | (i) | हेनरी एल. गाँट |
| (b) | कार्यक्रम मूल्यांकन और समीक्षा तकनीक | (ii) | वाल्टर डिल स्कॉट |
| (c) | प्रबन्ध की पहली विख्यात जानी जाने वाली महिला | (iii) | लिलियन गिल्ब्रेथ |
| (d) | विज्ञापन, विपणन और कार्मिक में मनोविज्ञान का अनुप्रयोग | (iv) | ह्यूगो मन्स्टरबर्ग |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

21. हाल ही में भारत सरकार ने विभिन्न श्रम विधानों में संयुक्त पंजिकाओं को रखने के लिए किए गए प्रावधानों के बदले 'पंजिकाओं को रखने के अनुपालन को सरल करने के लिए विभिन्न श्रम कानून नियमों, 2017' को लागू किया है। निम्नलिखित विधानों में से कौन-सा उपर्युक्त नियमों के अंतर्गत आच्छादित नहीं है ?

(1) समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 (2) खान अधिनियम, 1952

(3) कारखाना अधिनियम, 1948 (4) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948

22. निम्न उपागमों में से किसके अनुसार प्रबन्ध-नियोजन, संगठन, नेतृत्व और नियंत्रण का फलन है ?

(1) प्रक्रिया उपागम (2) पद्धति उपागम

(3) मात्रात्मक उपागम (4) मानव व्यवहार उपागम

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

23. Which of the following statements about the definition of 'Trade Union' as given in the Trade Unions Act, 1926 is not true ?

(a) A trade union is any combination, whether temporary or permanent.

(b) It regulates the relations between workmen and employer.

(c) It does not regulate the relations between workmen and workmen.

(d) It regulates relations between employers and employers.

Code :

(1) only (a) (2) (a) and (b) (3) only (c) (4) (b), (c) and (d)

24. Calculate the amount of compensation to be paid to the dependants of a deceased employee, where death results from the injury, under the provisions of Employees, Compensation Act, 1923. (Monthly wages drawn was ₹ 15,000 and Relevant factor is 139.13)

(1) ₹ 1,20,000 (2) ₹ 4,52,400 (3) ₹ 6,50,210 (4) ₹ 5,56,520

25. Which one of the following is not a barrier to communication ?

(1) feedback (2) ambiguity

(3) lack of trust (4) distortions in communication

26. Which of the following statements relating to the industrial relations policy in India is/are **not** true ?

(a) Industrial relations in India is highly regulated by state intervention.

(b) Industrial relations policy in India tried to shift from Courts to Codes.

(c) Tripartism was a strong policy shift in industrial relations in India.

(d) Free and compulsory collective bargaining was the chief characteristic feature of industrial relations policy in India.

Code :

(1) only (a) (2) only (b) (3) (a), (b), (c) (4) only (d)

27. For the first time in India, medical benefit as a non-cash benefit was provided under :

(1) Maternity Benefit Act, 1961 (2) Employees State Insurance Act, 1948

(3) Factories Act, 1948 (4) Mines Act, 1952

28. Who has propagated the bipartite, tripartite and multi-partite aspects of industrial relations with human relations as the invisible energy binding them ?

(1) Sidney and Beatrice Webb (2) H.A. Clegg

(3) John H. Richardson (4) Alan Fox

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. श्रमिक संघ अधिनियम, 1926 में दी गई परिभाषा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'श्रमिक संघ' की परिभाषा के संदर्भ में सत्य **नहीं** है?

(a) श्रम संघ कोई भी गठजोड़ है, चाहे स्थायी हो अथवा अस्थायी।

(b) यह कामगारों और नियोक्ता के बीच संबंधों को विनियमित करता है।

(c) यह कामगारों और कामगारों के बीच संबंधों को विनियमित नहीं करता है।

(d) यह नियोक्ताओं और नियोक्ताओं के बीच संबंधों को विनियमित करता है।

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) (a) और (b) (3) केवल (c) (4) (b), (c) और (d)

24. कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के प्रावधानों के अंतर्गत मृतक कर्मचारी, जहाँ मृत्यु चोट के परिणामस्वरूप होती है, के आश्रितों को भुगतान की जानेवाली राशि की गणना कीजिए। (प्राप्त मासिक मजदूरी ₹ 15,000 और संगत कारक 139.13 है)

(1) ₹ 1,20,000 (2) ₹ 4,52,400 (3) ₹ 6,50,210 (4) ₹ 5,56,520

25. निम्न में से कौन सा सम्प्रेषण में बाधा **नहीं** है?

(1) प्रतिपुष्टि (2) अस्पष्टता (3) विश्वास की कमी (4) सम्प्रेषण में मिथ्या वर्णन

26. भारत में औद्योगिक संबंध नीति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है, हैं?

(a) भारत में औद्योगिक सम्बन्ध सुदृढ़ रूप से राजकीय/सरकारी हस्तक्षेप द्वारा नियंत्रित हैं।

(b) भारत में औद्योगिक संबंधों की नीति न्यायालयों से संहिताओं तक स्थानांतरित करने का प्रयास करता है।

(c) भारत में औद्योगिक संबंधों में त्रिपक्षवाद एक सुदृढ़ नीतिगत बदलाव था।

(d) स्वतंत्र एवं अनिवार्य सामूहिक सौदेबाजी भारत में औद्योगिक संबंध नीति की प्रमुख विशेषता थी।

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) केवल (b) (3) (a), (b), (c) (4) केवल (d)

27. भारत में पहली बार गैर-नकद लाभ के रूप में चिकित्सा लाभ किसके अंतर्गत प्रदान किया गया?

(1) मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 (2) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948

(3) कारखाना अधिनियम, 1948 (4) खान अधिनियम, 1952

28. किसने औद्योगिक सम्बन्धों के द्विपक्षीय, त्रिपक्षीय एवं बहुपक्षीय आयामों को प्रतिपादित किया है जहाँ अदृश्य शक्ति के रूप में मानवीय सम्बन्ध उन्हें बाँधे हुए हैं?

(1) सिडनी एवं बीट्रिस वेब (2) एच.ए. क्लेग

(3) जॉन एच. रिचर्डसन (4) एलन फॉक्स

29. In a conflict situation, which of the following errors makes the bargainers assume that their gain must come at the expense of the other party ?

(1) Mythical Fixed Pie (2) Conflict Dilemma

(3) Winner's Curse (4) Escalation of Commitment

30. Under the Minimum Wages Act, 1948, which one of the following is not a prescribed wages-period for fixation of minimum rate of wages ?

(1) by the hour (2) by the day (3) by the week (4) by the month

31. Allocable surplus for a banking company under the provisions of the payment of Bonus Act, 1965 means :

(1) Sixty seven percent of the available surplus in an accounting year

(2) Sixty percent of the available surplus in an accounting year

(3) Sixty six percent of the available surplus in an accounting year

(4) Sixty six percent of the available surplus in the financial year

32. Arrange the steps of designing Management Information System in correct sequence :

(a) Analyse information requirements

(b) Aggregate the decisions

(c) Design information processing

(d) Analyse the decision system

**Code :**

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (a), (b), (c), (d) (3) (d), (a), (b), (c) (4) (a), (d), (b), (c)

33. Which of the following statements relating to primary unions in India is **correct** ?

(1) These unions fall only under the category of industrial unions

(2) These unions fall only under the category of general unions

(3) These unions fall only under the category of craft unions

(4) These unions fall under all the three categories i.e., industrial unions, general unions and craft unions

34. In which year the National Renewal Fund was abolished by the Government ?

(1) 1992 (2) 1996 (3) 2000 (4) 2004

Prepp
Your Personal Exams Guide

29. द्वंद्व की स्थिति में, निम्नलिखित त्रुटियों में से किसके कारण सौदाकार यह मान लेते हैं कि उनके लाभ दूसरे पक्ष की कीमत पर हों ?

(1) मिथकीय नियत पाई (2) द्वंद्व दुविधा

(3) विजेता दोष (4) प्रतिबद्धता की वृद्धि

30. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक निर्धारित मजदूरी अवधि नहीं है ?

(1) घंटे के अनुसार (2) दिन के अनुसार (3) सप्ताह के अनुसार (4) माह के अनुसार

31. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी के लिए आवंटनीय अधिशेष का अर्थ है :

(1) एक लेखांकन वर्ष में उपलब्ध अधिशेष का सड़सठ प्रतिशत

(2) एक लेखांकन वर्ष में उपलब्ध अधिशेष का साठ प्रतिशत

(3) एक लेखांकन वर्ष में उपलब्ध अधिशेष का छियासठ प्रतिशत

(4) एक वित्तीय वर्ष में उपलब्ध अधिशेष का छियासठ प्रतिशत

32. प्रबन्ध सूचना प्रणाली के डिजायन तैयार करने के कदमों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) सूचना आवश्यकताओं का विश्लेषण करना

(b) निर्णयों का समूह

(c) डिजायन सूचना प्रसंस्करण

(d) निर्णय प्रणाली का विश्लेषण करना

**कूट :**

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (a), (b), (c), (d) (3) (d), (a), (b), (c) (4) (a), (d), (b), (c)

33. भारत में प्राथमिक संघों से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा **सही** है ?

(1) ये संघ केवल औद्योगिक संघों की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

(2) ये संघ केवल सामान्य संघों की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

(3) ये संघ केवल हस्तशिल्प संघों की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

(4) ये संघ सभी तीन श्रेणियों अर्थात्, औद्योगिक संघों, सामान्य संघों और हस्तशिल्प संघों के अंतर्गत आते हैं।

34. किस वर्ष राष्ट्रीय नवीकरण कोष को सरकार द्वारा समाप्त किया गया ?

(1) 1992 (2) 1996 (3) 2000 (4) 2004

35. Match the following :

| List-I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| (a) | Ethnocentric Approach | (i) | Primary positions held by nationals from host country |
| (b) | Polycentric Approach | (ii) | Qualified people are hired at home and from abroad irrespective of nationality |
| (c) | Regiocentric Approach | (iii) | Primary positions are held by citizens of home country |
| (d) | Geocentric Approach | (iv) | Primary positions are held by people from same region with similar cultures, experiences and management practices |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

36. An industrial establishment employing one thousand employees has to pay the wages to the employees within which period after the last day of the wage period in respect of which the wages are payable under the provisions of the payment of Wages Act, 1936 ?

(1) Before the expiry of the seventh day
(2) Before the expiry of the fifth day
(3) Before the expiry of the tenth day
(4) Before the expiry of the eighth day

37. Two distinct schools of thought have emerged in industrial relations. The first one, known as 'Personnel Management School', emphasised the "employers' solution" to labour problems. The second school of thought, known as 'Institutional Labour Economics School' emphasized the workers' solution of trade unionism and the communities' solution of protective labour legislation and social insurance to labour problems.

Which of the following inferences are right relating to the broad themes of the above two schools ?

(a) The first school takes an "internal" or inside-the-firm perspective on the solution of labour problems.
(b) The second school favoured institutional forms of power balancing and joint governance in the employment relationship.
(c) The first school takes an "external" or outside-the-firm perspective on the solution of labour problems.
(d) The second school emphasized upon building a community of interest between labour and management for which the employer has to take the initiative.

Code :

(1) only (a) and (b) (2) only (b) and (c) (3) only (b) and (d) (4) (b), (c) and (d)

35. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| सूची - I | | सूची - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | एथनोसेन्ट्रिक उपागम | (i) | मेजबान देश के राष्ट्रीकों द्वारा धारण किए गए प्राथमिक पद |
| (b) | पॉलिसेन्ट्रिक उपागम | (ii) | राष्ट्रीयता के निरपेक्ष योग्य व्यक्तियों को देश और विदेश से सेवा में रखा जाता है |
| (c) | रीजियोसेन्ट्रिक उपागम | (iii) | गृह देश के नागरिकों के द्वारा प्राथमिक पद धारण किया जाता है |
| (d) | जिओसेन्ट्रिक उपागम | (iv) | सदृश संस्कृतियों, अनुभवों और प्रबन्ध प्रथाओंवाले उसी क्षेत्र के लोगों द्वारा प्राथमिक पद धारण किया जाता है। |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

36. एक औद्योगिक प्रतिष्ठान जिसमें एक हजार कर्मचारी नियोजित हैं को मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के प्रावधान के अंतर्गत देय मजदूरी के मामले में मजदूरी अवधि के अंतिम दिन के पश्चात् किस अवधि के अंदर कर्मचारियों को मजदूरी का भुगतान करना है ?

(1) सातवें दिन की समाप्ति से पूर्व (2) पांचवें दिन की समाप्ति से पूर्व

